महिला समूह गरीबों की कर रहा मदद

राशन का वितरण करते प्रदान व महिला समूह के लोग.

गुमला. संपूर्ण राष्ट्र में लॉकडाउन है. लॉकडाउन के कारण दिहाड़ी मजदूरों व गरीब तबके के लोगों के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है. इन कमियों को ध्यान में रखते हुए प्रदान व महिला विकास मंडल घाघरा इस कठिन समय में उनका सहयोग करने के लिए सामने आया है. प्रदान घाघरा के जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि दैनिक वेतनभोगी व गरीब तबके के लोग इस लॉकडाउन से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं. ऐसे लोगों के बीच राशन वितरण किया जा रहा है. वहीं प्रखंड के 120 गांवों का भ्रमण कर गरीब व असहाय लोगों की पहचान करने का निर्णय लिया गया है. साथ ही उन्हें सूचीबद्ध कर आने वाले सप्ताह में उनके बीच राशन का वितरण करने की बात कही है.